संख्या- 1 / 3584 / 30-3-14-03बी / 2008

प्रेषक,

नवेंद सिंह,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

परिवहन आयुक्त,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

परिवहन अनुभाग-3 लखनऊ दिनॉक 02 जनवरी, 2014

विषय- लखनऊ में इंस्पेक्शन एण्ड सर्टिफिकेशन सेंटर की स्थापना के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-2803ए / 2014-अस्थायी लेखा / 2014, दिनॉक 12 दिसम्बर, 2014 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा लखनऊ में इंस्पेक्शन एण्ड सर्टिफिकेशन सेंटर की स्थापना के सम्बन्ध में सिविल कान्स्ट्रक्शन कार्य के लिये कुल धनराशि रू0 1.82 करोड़ (रू0 एक करोड़ बयासी लाख मात्र) की वित्तीय एवं प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2- उल्लेखनीय है कि भारत सरकार द्वारा शत-प्रतिशत वित्त पोषित लखनऊ में इंस्पेक्शन एण्ड सर्टिफिकेशन सेंटर की स्थापना की योजना हेतु भारत सरकार द्वारा कुल लागत रू0 5.03 करोड़ स्वीकृत है। भारत सरकार के पत्र संख्या-आरटी-25036 / 09-आर0एस0, दिनॉक 16-10-2014 द्वारा सिविल कान्स्ट्रक्शन कार्य के लिये धनराशि रू0 1.50 करोड़ (रू0 एक करोड़ पचास लाख मात्र) स्वीकृत किया गया है, जो भारत सरकार द्वारा जारी किये गये बैंक ड्राफ्ट संख्या-119720, दिनॉक 17-12-2014 के द्वारा प्राप्त हो गया है। उल्लेखनीय है कि वित्त विभाग के शासनादेश संख्या-बी-1-1505 / दस-2014-12(2) / 2014, दिनॉक 09-05-2014 के प्रस्तर-2 में निहित निर्देशानुसार सभी केन्द्र पोषित योजनाओं की धनराशि को राज्य के बजट के माध्यम से उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में लिये गये निर्णय के क्रम में वित्तीय वर्ष 2014-15 के आय-व्ययक में प्रथम अनुपूरक मांग के माध्यम से धनराशि रू0 1.50 करोड़ का प्रावधान करा लिया गया है।

4- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि लखनऊ में इंस्पेक्शन एण्ड सर्टिफिकेशन सेंटर की स्थापना के सम्बन्ध में सिविल कान्स्ट्रक्शन कार्य कराये जाने हेतु मूल आय-व्ययक में प्रावधानित धनराशि रू0 32.00 लाख (रू0 बत्तीस लाख मात्र) तथा प्रथम अनुपूरक मांग के माध्यम से प्रावधानित धनराशि रू0 1.50 करोड़ (रू0 एक करोड़ पचास लाख मात्र) कुल धनराशि रू0 1.82 करोड़ (रू0 एक करोड़ बयासी लाख मात्र) की वित्तीय एवं प्रशासकीय स्वीकृति निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन प्रदान किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं :-

(1) लखनऊ में इंस्पेक्शन एण्ड सर्टिफिकेशन सेंटर की स्थापना के सम्बन्ध में केन्द्र सरकार, राज्य सरकार इंटरनेशल सेंटर फार आटोमोटिव टेक्नोलॉजी (आईसीएटी) के मध्य हस्ताक्षरित त्रिपक्षीय एम0ओ0यू0 के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(2) स्वीकृत धनराशि एकमुश्त आहरित न करके कार्य की आवश्यकतानुसार आहरित कर व्यय की जायेगी। आहरित धनराशि पी0एल0ए0 / डिपाजिट खाते में नहीं रखी जायेगी।

(3) कार्य निर्धारित अवधि में पूर्ण करा लिया जायेगा। साथ ही विशिष्टियों, मानक एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जायेगा। परिवहन आयुक्त तथा आईसीएटी के द्वारा समय-समय पर कार्य का निरीक्षण किया

http://shasanadesh.up.nic.in

जायेगा व सामान्य पर्यवेक्षण करते हुए कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करायेंगे। कराये जा रहे कार्यों की वर्तमान में तथा भविष्य में पुनरावृत्ति/द्विरावृत्ति न हो, यह भी सुनिश्चित किया जायेगा।

(4) उक्त व्यय के सम्बन्ध में उपयोगिता प्रमाण-पत्र शासन को उपलब्ध कराने का उत्तरदायित्व आपका होगा।

5- इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2014-15 के आय-व्ययक में परिवहन विभाग की अनुदान संख्या-43 के अन्तर्गत आयोजनागत पक्ष में लेखाशीर्ष "4059-लोक निर्माण कार्य पर पूंजीगत परिव्यय-80-सामान्य-800-अन्य व्यय-06-मोटरयान टेस्टिंग स्टेशन-24-वृहत् निर्माण कार्य" के नामे डाला जायेगा।

6- यह आदेश वित्त विभाग द्वारा प्रशासकीय विभाग को प्रतिनिधानित किये गये अधिकारों के अन्तर्गत जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,
ह0
(नर्वेद सिंह)
संयुक्त सचिव।

संख्या-1/3584(1)/30-3-2014, तददिनॉक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
2- महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
3- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
4- वित्त नियंत्रक, कार्यालय-परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश।
5- अवर सचिव, भारत सरकार, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (सड़क सुरक्षा प्रकोष्ठ), परिवहन भवन, 01 संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001 को उनके पत्र संख्या-आरटी-11036/100/2013-एमवीएल, दिनॉक 01-08-2013 के क्रम में।
6- नियोजन अनुभाग-4/वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-9
7- निदेशक, वित्तीय एवं सांख्यिकीय निदेशालय, उत्तर प्रदेश, जवाहर भवन, लखनऊ ।
8- सम्बन्धित कार्यदायी संस्था-कांस्ट्रक्शन एण्ड डिजाइन सर्विसेज (उ0प्र0 जल निगम) द्वारा परिवहन आयुक्त।
9- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
ह0
(नर्वेद सिंह)
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in